**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 05.05.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की।
2. पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज़ हुई। नौ मई को हो सकता है शपथ ग्रहण समारोह।
3. उपराज्यपाल डी के जोशी ने पोर्ट मोट स्थित विद्यालय में नवनिर्मित एकनाथ रानाडे असेम्बली हॉल का उद्घाटन किया।
4. मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक बारिश की संभावना जताई–तटीय क्षेत्र में ऊंची लहरों के खतरों को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की है। इन हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि भारत, संयुक्त अरब अमीरात के साथ एकजुटता से खड़ा है और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि होर्मुज जल डमरू मध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कल ईरान के ड्रोन हमले में फुजैराह पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र में आग लगने से तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए थे।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद, राज्य में नई सरकार के गठन और शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। नए मंत्रिमंडल के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को होने की संभावना है, इसी दिन गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के समारोह में शामिल होने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा इक्कीस जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस अवसर को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने सभी सरकारी विभागों को शामिल करते हुए व्यापक स्तर पर मास योग सत्र आयोजित करने की योजना बनाई है। इसी क्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 मई से 31 मई तक किया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक जंगलीघाट स्थित आयुष अस्पताल के योग इकाई में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को योग प्रशिक्षक के रूप में तैयार करना है, ताकि वे अपने–अपने विभागों में 21 जून को होने वाले सामूहिक योग प्रदर्शन का सफल संचालन कर सकें। प्रशासन ने सभी विभागों से अनुरोध किया है कि वे अपने यहां से कम से कम दो कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए नामित करें। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक विभाग डॉ. नंदिनी, चिकित्सा अधिकारी आयुष अस्पताल से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल डी.के. जोशी ने आज पोर्ट मोर्ट स्थित विवेकानंद केंद्र जिला परिषद विद्यालय में नवनिर्मित 'एकनाथ रानाडे असेंबली हॉल' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने पट्टिका का अनावरण कर सभागार को छात्रों के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी रजनीश सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद द्वारा निर्मित इस आधुनिक सभागार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह की प्रमुख पर्यटन संस्था अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। श्री विजयपुरम में हुए इस चुनाव में 99 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। कुछ 46 उम्मीदवारों ने 23 पदों के लिए चुनाव लड़ा। निर्वाचन अधिकारी अब्बदुल सिद्दीक की देखरेख में पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुई। मोहन

विनोद के नेतृत्व वाली टीम बैट ने निर्णयक जीत हासिल की। मोहल विनोद को अध्यक्ष चुना गया, जबकि अन्य पदों पर भी नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस चुनाव को पर्यटन क्षेत्र में सगठनात्मक स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

<><><><><><><>

आज द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। शाम साढ़े पांच बजे तक लौंग आईलैंड में उनहत्तर मिलीमीटर, हटबे में तीस, श्री विजयपुरम् में छह दशमलव सात, मायाबंदर में पांच और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। आपदा प्रबंधन निदेशालय द्वारा जारी ताजा मौसम बुलेटिन के अनुसार आगामी दिनों में द्वीप समूह में खराब मौसम की संभावना जताई गई है। आज जारी चेतावनी के अनुसार मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। आज द्वीपसमूह के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं निकोबार में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सी आर सी ने सहायक उपकरणों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित की है। यह सुविधा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के प्रधानमंत्री दिव्याशा वयोश्री केंद्र के माध्यम से प्रदान की जा रही है। इस पहल के तहत पात्र लाभार्थियों को व्हीलचेयर, वॉकर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, ब्रेल किट, स्मार्टफोन सहित कई आधुनिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों की गतिशीलता, शिक्षा, संचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। CRC ने पात्र लोगों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक ब्रुकशाबाद स्थित केंद्र पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अभियान समिति के अध्यक्ष टी.एस.जी. भास्कर ने सोमवार को श्री विजयपुरम् नगरपालिका परिषद् की नवनिर्वाचित अध्यक्षा वसंता मुथुरामन तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेत्रिवेलु को उनकी शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी। अपने बधाई संदेश में श्री भास्कर ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों जनप्रतिनिधि जनता के कल्याण और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने वन विभाग, दक्षिणी द्वीप समूह में चल रही भर्ती प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए यात्रियों एवं अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए हैं। इसी क्रम में जहाज एम.वी. कालिघाट की एक अतिरिक्त सैलिंग 07.मई को सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से कैंपबेल बे के लिए निर्धारित की गई है। यह जहाज लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, टेरेसा, कचाल एवं नानकौरी होते हुए गंतव्य तक पहुंचेगा तथा नौ मई को दोपहर बारह बजे कैंपबेल बे से वापसी करेगा। इसी के साथ निदेशालय ने डिजिटल सुविधा के तहत स्टार्स. ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से हार्बर फेरी सेवाओं के ऑनलाइन टिकटिंग सिस्टम की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत वन–वे एवं राउंड ट्रिप टिकटों की बुकिंग के साथ मासिक पास का नवीनीकरण भी ऑनलाइन किया जा सकेगा। टिकटों की डिजिटल जांच जेटी पर की जाएगी।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम कल शाम साढ़े पांच बजे से 'पेट टॉक– बियॉन्ड द बॉन्ड' नामक लाइव फोन–इन कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। इस कार्यक्रम का विषय "रेबीज जागरूकता और कुत्ते के काटने से बचाव" रखा गया है। कार्यक्रम में पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग, श्री विजय पुरम के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। प्रसारण के दौरान दर्शक फोन नंबर 244745 या 245662 पर फोन करके विशेषज्ञ से सवाल पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>